हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

**शहर में आज**
- सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सुबह 9 बजे
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक
- दमकल कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे

**जेएलएन में बंदी की वजह से पानी बचा रहा एमडीयू**

# एमडीयू में जल संकट, मिट सकती है हरियाली

**गार्डन, कार वॉश और शॉवर में पानी बर्बाद न करें**

**ये उपाय भी कारगर**
- टैंकर से की जा सकती है पानी की कमी पूरी
- जेएलएन और जलघर के आसपास लगाए जा सकते हैं सबमर्सिबल पंप
- जलघर में भी लिफ्ट नहीं किया जा रहा पानी




खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर में इन दिनों पानी का संकट गहराता जा रहा है। जवाहर लाल नेहरू नहर (जेएलएन) में पानी बंद होने के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन को पानी बचाने के लिए कई सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि यदि जल्द पानी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई तो परिसर में लगे एक लाख से अधिक पौधों और हरियाली के सूखने का खतरा पैदा हो सकता है। विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत होती है। छात्रावासों, विभागों, आवासीय क्षेत्रों और गार्डन की सिंचाई के लिए लगातार पानी सप्लाई की आवश्यकता रहती है। लेकिन जेएलएन में पानी की आपूर्ति बंद होने से जल संकट बढ़ गया है। प्रशासन ने फिलहाल प्राथमिकता पेयजल और जरूरी उपयोग को दी है। इसी कारण गार्डन और पार्कों में पानी देना अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। एमडीयू प्रशासन ने पानी की बचत को लेकर दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। जारी आदेशों में बताया गया है कि मुख्य जलघर में पानी का स्तर कम है। खपत की वर्तमान दर बहुत ज्यादा है लेकिन पानी कम है। एक फुट के निशान से नीचे के जल का प्रयोग नहीं किया जा सकता। इसे उपयोग के लिए ठीक से फिल्टर या पंप नहीं किया जा सकता है जो प्रभावी रूप से उपयोग करने योग्य मात्रा को कम कर देता है। इस बार जलघर में भी पानी लिफ्ट नहीं किया जा रहा। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग प्रकोष्ठ ने यह भी सूचित किया है कि आने वाले काफी दिनों तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी और टैंक में पानी नहीं भरा जाएगा। अनुरोध है कि आप इसे अपने प्रकार के नियंत्रण के तहत काम करने वाले कर्मचारियों के ध्यान में लाएं जो विश्वविद्यालय आवास के निवासी हैं और उन्हें पानी का संरक्षण करने और पानी के किसी भी गैर-आवश्यक उपयोग से बचने के लिए कहें। साथ ही अपील की गई है कि इस अवधि के दौरान पीने और अन्य आवश्यक घरेलू जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पर्याप्त रूप से संग्रहित किया जा सकता है।

### ये करेंगे तो मिलेगी राहत
कर्मचारियों और विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे पानी का उपयोग बेहद सावधानी से करें। कार वॉशिंग पर रोक लगाने की बात कही गई है, वहीं शॉवर और नलों के जरिए पानी बर्बाद न करने की सलाह दी गई है। फ्लोर वाशिंग पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। विश्वविद्यालय का मानना है कि गर्मी ज्यादा हो गई है और ऐसे में जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पानी का प्रयोग सोच समझ कर करना होगा। साथ ही कहा गया है कि जब तक नहर में दोबारा पानी नहीं आता, तब तक सभी को सहयोग करना होगा।

### कहीं सूख न जाएं पेड़-पौधे
विश्वविद्यालय परिसर अपनी हरियाली और पर्यावरण के लिए जाना जाता है। यहां लाखों पेड़-पौधे लगे हुए हैं, जिनकी देखभाल के लिए नियमित सिंचाई जरूरी होती है। पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त पानी न मिलने के कारण कई पौधों की हालत खराब होने लगी है। माली और गार्डन शाखा के कर्मचारी भी चिंता में हैं कि यदि स्थिति लंबी चली तो हरियाली को भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए पौधों का संरक्षण करना जरूरी है।

### पर्यावरण बचाने के लिए अन्य व्यवस्था जरूरी
पर्यावरणविदों का कहना है कि हरियाली बचाने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। उनका सुझाव है कि विश्वविद्यालय टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे। इसके अलावा जेएलएन और जलघर के आसपास सबमर्सिबल पंप लगाए जा सकते हैं ताकि भूजल के जरिए अस्थायी राहत मिल सके। नियमित पानी नहीं मिला तो पुराने पेड़ भी प्रभावित हो सकते हैं।

### छात्रों और कर्मचारियों ने समाधान की मांग की
छात्रों और कर्मचारियों ने भी प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि पेयजल के साथ-साथ परिसर की हरियाली को बचाना भी जरूरी है। कई विद्यार्थियों ने सुझाव दिया कि पानी के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की व्यवस्था को मजबूत किया जाए ताकि इस्तेमाल किए गए पानी का उपयोग गार्डन सिंचाई में हो सके।

### वैकल्पिक उपायों पर किया जा रहा है काम
एमडीयू प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और वैकल्पिक उपायों पर काम किया जा रहा है। यदि अगले कुछ दिनों में नहर से पानी की आपूर्ति बहाल नहीं होती तो टैंकरों और अन्य संसाधनों की मदद ली जाएगी। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन लोगों से पानी बचाने और सहयोग करने की अपील कर रहा है।

**सेक्टर-33ए में वारदात से मची चीख-पुकार**

# 9वीं के छात्र ने पिता की रिवॉल्वर से गोली मारकर की खुदकुशी

*आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं, जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो पाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

सेक्टर-33ए में मंगलवार शाम उस समय चीख-पुकार मच गई, जब 14 वर्षीय छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना इतनी अचानक हुई कि परिवार को संभलने तक का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते खुशहाल घर मातम में बदल गया और गांव डीघल में भी शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान गांव डीघल निवासी जनक अहलावत के रूप में हुई है, जो परिवार के साथ फिलहाल सेक्टर-33ए में रह रहा था। जनक 9वीं कक्षा का छात्र था और परिवार का इकलौता बेटा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसने घर के स्टोर रूम में जाकर कनपटी से रिवाल्वर सटाकर गोली चलाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोगों की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। एसपी गौरव राजपुरोहित खुद मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया। उनके साथ डीएसपी, थाना प्रभारी और एफएसएल टीम भी मौजूद रही।



रोहतक। मौके पर जांच करती पुलिस और एफएसएल टीम की हेड। फोटो: हरिभूमि

### दिल्ली में नौकरी करते हैं पिता
जनक के पिता सतीश दिल्ली के एक सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। परिवार मूल रूप से गांव डीघल का रहने वाला है और इलाके के सम्मानित परिवारों में गिना जाता है। परिजनों के अनुसार जनक शांत स्वभाव का, पढ़ाई में अच्छा और परिवार का बेहद लाड़ला था।

### स्टोर रूम में चला दी गोली
परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर के लोग काम में व्यस्त थे। इसी दौरान जनक घर के स्टोर रूम में चला गया। वहां रखी पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर उसने उठा ली। बताया जा रहा है कि उसने रिवाल्वर कनपटी से सटाकर गोली चलाई। गोली की आवाज सुनते ही परिवार के लोग दौड़कर अंदर पहुंचे, लेकिन तब तक जनक की मौत हो चुकी थी।

### सवाल छोड़ गया जनक
14 साल की उम्र में जनक द्वारा उठाया गया यह कदम कई सवाल छोड़ गया है। परिवार, रिश्तेदार और परिचित सभी यही सोच रहे हैं कि आखिर एक स्कूली छात्र के मन में ऐसा क्या चल रहा था, जिसने उसे जिंदगी खत्म करने जैसा फैसला लेने पर मजबूर कर दिया

### एसपी भी पहुंचे
एसपी गौरव राजपुरोहित ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की और अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो पाएगी।

**निगम में विकास कार्यों के वितरण को लेकर विवाद**

# पार्षदों का ठेकेदार कनेक्शन: जहां जरूरत नहीं, वहां ज्यादा बजट

*बनी सड़कों को दोबारा तोड़ने पर पार्षद-ठेकेदार गठजोड़ के भी आरोप लग रहे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

नगर निगम में विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर के 22 वार्डों में विकास कार्यों के वितरण को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि जहां वास्तव में सड़कों, नालियों और सफाई व्यवस्था की जरूरत है, वहां काम नहीं हो रहे, जबकि कुछ क्षेत्रों में जरूरत से अधिक बजट खर्च किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का चयन जनहित के बजाय राजनीतिक और ठेकेदारी संबंधों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम के करीब पांच पार्षद सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से ठेकेदारी कार्यों से जुड़े हुए हैं। यही कारण माना जा रहा है कि कई वार्डों में एक ही तरह के कार्य बार-बार करवाए जा रहे हैं। शहर के कई इलाकों में हाल ही में बनी सड़कों को दोबारा तोड़ा जा रहा है, जबकि दूसरी तरफ कई कॉलोनियों में वर्षों से टूटी सड़कें और जाम नालियां लोगों की परेशानी बनी हुई हैं।




### रेहड़ी वालों से रुपये किसने लिए
शहर के सेक्टर-1 और सेक्टर-2 और 3 मार्केट में रेहड़ी और फड़ी लगाने वाले दुकानदारों ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। रेहड़ी चालकों का कहना है कि उनसे प्रतिदिन 100 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। जबकि पहले केवल 40 रुपये लिए जाते थे। उनका आरोप है कि यह वसूली बिना किसी रसीद के की जाती है। कई रेहड़ी संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पैसे नहीं देने पर उन्हें मार्केट से हटाने की धमकी दी जाती है। पैसे कौन ले रहा है यह बताने से रेहड़ी चालक खुल कर सामने नहीं आते।

### उदाहरण 1: जरूरत नहीं, फिर भी 90 लाख का टेंडर
लाढ़ौत रोड पर पहले से बनी सीमेंट सड़क पर इंटरलॉक टाइल लगाने के लिए 90 लाख रुपये से अधिक का टेंडर जारी किया गया। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद ठेका रद्द करना पड़ा। बाद में केवल सड़क किनारे टाइल लगाने का काम शुरू हुआ, जो अब भी धीमी गति से चल रहा है।

### उदाहरण 2: बनी हुई गली पर करवा दिया सड़क निर्माण
सूत्रों का कहना है कि दिल्ली रोड पर एक कॉलोनी में बनी हुई सड़क पर ही सड़क निर्माण कर दिया गया। इसका कुछ लोगों ने विरोध भी किया था लेकिन ठेकेदार ने सड़क का निर्माण ही करवा डाला।

### उदाहरण 3: जर्जर सड़क पर नहीं ध्यान
छोटूराम चौक से डाकघर तक की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। रोज हजारों लोग और स्कूली बच्चे यहां से गुजरते हैं, लेकिन कई बार शिकायत के बावजूद सड़क निर्माण नहीं कराया गया।

### उदाहरण 4: टूटी सर्विस रोड से परेशानी
सेक्टर-2/3 मार्केट की सर्विस रोड वर्षों से टूटी हुई है। बरसात में जलभराव से दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी होती है, लोग घायल भी होते हैं। मांग के बावजूद सड़क निर्माण नहीं कराया गया।

# बडाला में खूनी संघर्ष में रोहतक के लोग घायल

**साढ़े 18.5 एकड़ जमीन को लेकर चल रहा विवाद, बुआई करने पहुंचे तभी हुआ झगड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

हिसार जिले के नारनौंद क्षेत्र के बडाला गांव में मंगलवार को करीब साढ़े 18 एकड़ जमीन को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बुआई करने पहुंचे रोहतक के लोगों और गांव के दूसरे पक्ष के बीच जमकर फायरिंग व मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।




रोहतक निवासी कश्मीर लाल की बडाला गांव में करीब 149 कनाल 7 मरले (करीब 18.5 एकड़) जमीन है। बताया जा रहा है कि गांव निवासी विक्की और अंकित इस जमीन पर अपना दावा कर रहे हैं। विक्की पक्ष का कहना है कि उन्होंने 28 मार्च को जमीन के बयाने के रूप में 70 लाख रुपये तथा ठेके के 5 लाख रुपये नकद दिए थे। इसी के आधार पर 4 मई को उन्होंने जमीन में बुआई भी कर दी थी।

### कई लोग घायल
हांसी के बडाला गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग में कई लोग घायल हो गए। तेजबीर को पीठ में दो गोलियां लगीं, जबकि पवन कुमार और रोहतक के आदित्य भी घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष के विक्की के पैर में गोली लगी और उसका भतीजा भी चोटिल हुआ। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जा रहा है कि इसी जमीन को लेकर 3 मई को भी विवाद हुआ था, जिस पर पहले से केस दर्ज है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# मोबाइल से दूरी और अनुशासन ने दिलाया उदीता को प्रदेश में दूसरा स्थान

**हरियाणा बोर्ड 12वीं का परिणाम घोषित**

**रोहतक।** मेहनत और अनुशासन की बदौलत रोहतक की छात्रा उदीता ने प्रदेश का मान बढ़ाया है। विश्ववारा कन्या गुरुकुल (रुड़की) की छात्रा उदीता ने 498 नंबर लाकर हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। उदीता मूल रूप से यूपी के बागपत जिले के लुहारी गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता नीरज कुमार किसान हैं और मां नीलम देवी गृहिणी हैं। उदीता पांचवीं क्लास से ही रोहतक के गुरुकुल में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। उदीता ने अपनी कामयाबी के दो सबसे बड़े कारण बताए हैं। वहीं, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांदी की गुंजन 91.4 प्रतिशत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलियाना की अन्नू ने 469 अंकों के साथ अपने स्कूल में टॉप किया है। वहीं, खरकड़ा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिया 476 अंकों के साथ अपने स्कूल में टॉपर रही।


उदीता


गुंजन


अन्नू


प्रिया

### बाइक चोरी में दो नाबालिग समेत तीन धरे
**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। शिकायतकर्ता विक्रम निवासी जुलाना की शिकायत पर थाना आईएमटी में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साहिल निवासी गिझी और दो नाबालिगों को पकड़ा गया। दोनों नाबालिगों को बाल न्याय बोर्ड में पेश किया गया है, जबकि मामले की जांच जारी है।

**छह जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू, सीता कॉलोनी की रजिस्ट्री पर अब गीता कॉलोनी का रेट नहीं**

# अब इलाका नहीं, कॉलोनियों के कोड से होगा पंजीकरण

**पोर्टल से जुड़ेंगी कलेक्टर दरें, अलग-अलग कोड तय, खरीद फरोख्त प्रक्रिया होगी पारदर्शी**

**अब जिस कॉलोनी में होगी रजिस्ट्री, उसी का लगेगा रेट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों की कलेक्टर दरों के निर्धारण को अधिक पारदर्शी और एकरूप बनाने के उद्देश्य से नई पायलट परियोजना शुरू करने का फैसला लिया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब जिस कॉलोनी में मकान या प्लॉट की रजिस्ट्री होगी, उसी कॉलोनी की निर्धारित दरों के आधार पर रजिस्ट्री की जाएगी। आसपास के क्षेत्रों या दूसरी कॉलोनियों के भाव अब लागू नहीं होंगे। सरकार का मानना है कि इससे राजस्व में होने वाली हेराफेरी पर रोक लगेगी और संपत्तियों की खरीद-फरोख्त प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। जिससे इंच भर की भी हेराफेरी नहीं हो पाएगी। कालोनियों का कोड होगा। कालोनी पोर्टल से जुड़ी होगी। पोर्टल से रेट लेकर रजिस्ट्री होगी।

### पोर्टल से जुड़ेंगी कॉलोनियों की दरें
सरकार ने इस नई व्यवस्था के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है। इसके तहत कॉलोनियों की दरों को सीधे ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा जाएगा। रजिस्ट्री के समय संबंधित कॉलोनी की दरें पोर्टल से अपने आप ली जाएंगी और उसी आधार पर संपत्ति का मूल्यांकन होगा। इससे मैन्युअल हस्तक्षेप कम होगा और अलग-अलग क्षेत्रों में दरों के निर्धारण में एकरूपता आएगी। पहले कई मामलों में आसपास के महंगे या सस्ते क्षेत्रों की दरों का प्रभाव रजिस्ट्री पर पड़ता था, जिससे राजस्व को नुकसान होने की आशंका बनी रहती थी। अब नई डिजिटल प्रणाली लागू होने के बाद केवल उसी कॉलोनी की अधिकृत दर लागू होगी, जहां संपत्ति स्थित है।

### सरकार के निर्देश जारी
राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह पायलट परियोजना रोहतक, कुरुक्षेत्र और झज्जर जिलों की सभी तहसीलों में लागू की जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम जिले की कादीपुर तहसील और पंचकूला तहसील को भी इस परियोजना में शामिल किया गया है। इस संबंध में वित्तीय आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

### दरों में मनमाने बदलाव की संभावना कम होगी
नई व्यवस्था लागू होने से कलेक्टर दरों में मनमाने बदलाव की संभावना कम होगी। इससे संपत्ति खरीदने और बेचने वाले लोगों को स्पष्ट दरों का लाभ मिलेगा। साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन और मूल्यांकन प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज और सरल होने की उम्मीद है। सफल होने पर पूरे प्रदेश में लागू होगी योजना। सरकार ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय स्तर पर तकनीकी समन्वय की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यदि पायलट परियोजना सफल रहती है तो भविष्य में इस ऑनलाइन प्रणाली को पूरे हरियाणा में लागू किया जा सकता है।

### परिवार नींद में था, खिड़की उखाड़ कर लाखों के गहने ले उड़े चोर
**रोहतक।** महम कस्बे मामराजपुरा कॉलोनी में रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि वारदात के दौरान पूरा परिवार घर में ही गहरी नींद में सोता रहा और चोर आराम से खिड़की की ग्रिल उखाड़कर अंदर घुस गए। सुबह चोरी का पता चलते ही परिवार के होश उड़ गए। पीड़ित सोमबीर ने महम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मई की रात वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। रोजाना की तरह सुबह करीब 5 बजे जब उनकी आंख खुली तो कमरे की खिड़की की ग्रिल खुली हुई दिखाई दी। पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब कमरे के अंदर जाकर देखा तो अलमारी के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि चोर घर से करीब आधा किलो चांदी के गहने, सोने की गलसरी, ताबीज और कुछ नकदी चोरी कर ले गए। वारदात के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। आसपास के लोगों ने भी घटना पर चिंता जताई है। सूचना मिलते ही महम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि चोर देर रात पीछे की ओर से घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सांपला नगरपालिका के मतों की गिनती आज सुबह 8 बजे शुरू
**रोहतक।** सांपला नगरपालिका के सामान्य चुनाव 2026 की मतगणना 13 मई को सुबह 8 बजे शुरू होगी। सांपला की उपमंडलाधीश एवं रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना का कार्य सांपला स्थित तहसील कार्यालय के सरल केंद्र हॉल में किया जाएगा। मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए 8 टेबल लगाई गई हैं। प्रत्येक टेबल पर मतगणना सुपरवाइजर और सहायक तैनात किए जाएंगे। मतगणना स्टाफ को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 13 मई को सुबह 7 बजे मतगणना हॉल में स्टाफ का अंतिम रेंडोमाइजेशन किया जाएगा, जिसके बाद टेबल अलॉट होंगी। इसके उपरांत सुबह 8 बजे मतगणना शुरू कर दी जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नगरपालिका प्रधान पद की मतगणना दो राउंड में पूरी होगी। इसी प्रकार वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती भी दो चरणों में की जाएगी।

- **8 टेबल पर होगी वोटों की गिनती, दो राउंड में आएंगे प्रधान और पार्षद पदों के परिणाम**

# निगम के गेट पर कचरे का अंबार जलाने से धुएं की चपेट में शहर

## 12 दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, साढ़े पांच लाख आबादी परेशान





रोहतक। आर्य नगर के रोड पर पड़ा कचरा तथा नगर निगम के मुख्य गेट के बाहर पड़ा कचरा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सफाई संकट

शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अब नगर निगम के मुख्य गेट के बाहर भी कचरे के ढेर लगे हुए हैं। विडंबना यह है कि जिस विभाग पर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी है, उसी के मुख्य द्वार पर फैली गंदगी व्यवस्था की बदहाली की तस्वीर बयां कर रही है। पिछले 12 दिनों से सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं, जिसके कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे का उठान पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कचरे का नियमित निस्तारण न होने से अब लोग मजबूरी में कूड़े के ढेरों में आग लगाने लगे हैं। शहर के बाजारों, कॉलोनियों, मुख्य सड़कों और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह धुएं के गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं। इससे वातावरण में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और लोगों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार खुले में कचरा जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होती हैं। स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानों के बाहर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहक भी अब बदबू और गंदगी के कारण दुकानों पर आने से बच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सिविल अस्पताल के बाहर भी कूड़े में आग लगाई जा रही है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में धुएं और बदबू का फैलना स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

### ग्रामीण इलाकों में भी हालात ज्यादा खराब

ग्रामीण इलाकों में हालात और ज्यादा खराब बताए जा रहे हैं। गांवों में कचरा कई-कई दिनों तक नहीं उठ रहा, जिसके कारण गलियों और खाली प्लॉटों में गंदगी जमा हो चुकी है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बदबू, मच्छरों और धुएं के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि सुबह-शाम घरों के आसपास धुआं फैल जाता है, जिससे आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी हो रही है।

### साढ़े पांच लाख की आबादी प्रभावित

शहर की करीब साढ़े पांच लाख आबादी इस स्थिति से प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है ताकि सफाई व्यवस्था बहाल हो सके और शहर को गंदगी व प्रदूषण से राहत मिल सके।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में करियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम




रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी को लेकर विशेष करियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के डायरेक्टर राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान, समन्वयक प्रोमिला सांगवान तथा कोऑर्डिनेटर राममेहर और स्वामी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं करियर मार्गदर्शक नरेंद्र कुमार यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को मोबाइल और अन्य अनावश्यक गतिविधियों जैसी समय बर्बाद करने वाली चीजों से दूरी बनानी चाहिए। अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण को उन्होंने सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि छात्र शुरुआत से ही सही दिशा में प्रयास करें तो वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में कक्षा 6 से ही प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अतिरिक्त अध्ययन सामग्री और उच्च स्तर के प्रश्न उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# पठानिया स्कूल में इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- इम्प्रॉम्प्टू रिबटल राउंड" में 55 छात्रों ने क्षमता का किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी विभाग द्वारा "इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता" का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 830 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, त्वरित सोच, प्रभावशाली अभिव्यक्ति और मंच संचालन कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को केवल एक मिनट की तैयारी के बाद दिए गए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करने थे। विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति देकर अपनी रचनात्मकता और स्पष्ट अभिव्यक्ति का परिचय दिया। विशेष रूप से आयोजित "इम्प्रॉम्प्टू रिबटल राउंड" में 55 विद्यार्थियों ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और मानसिक सजगता से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा 11वीं की छात्राओं काव्या और मिष्का ने अध्यापिका काशमा एवं लता कवात्तरा के निर्देशन में किया। निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी अध्यापिका रेशमा मल्होत्रा और रजनी गुलाटी ने निभाई। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



## ई-दिशा केंद्र में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रदर्शनी, चित्रों से परंपरा को दर्शाया

रोहतक। भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक चेतना के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी एक सप्ताह तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, संघर्ष, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक महत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां आकर्षक तरीके से प्रस्तुत की गई हैं। भारत की अडिग आस्था का प्रतीक बनेगी प्रदर्शनी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी ने बताया कि यह प्रदर्शनी सोमनाथ मंदिर की गौरवशाली परंपरा और भारत की अडिग आस्था को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगी। संजीव सैनी ने कहा कि प्रभास पाटन स्थित श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की ऐतिहासिक यात्रा को चित्रों, जानकारीपूर्ण विवरणों और सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया गया है।

## जिला भाजपा ने की संगठनात्मक नियुक्तियां पांच मोर्चों के जिलाध्यक्ष नियुक्त

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी जिला रोहतक इकाई में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने पांच मोर्चों के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी संगीता सिंघल,युवा मोर्चा की जिम्मेदारी दीपू नागपाल, किसान मोर्चा की जिम्मेदारी रवि हुडडा,ओ बी सी मोर्चा की जिम्मेदारी रविंद्र सैन और एस सी मोर्चा की जिम्मेदारी रणवीर सिंह निम्बडिया को दी गई है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभिन्न मोर्चों में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन की नीतियों एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन में कार्य करने का अवसर मिलता है। पार्टी संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# एचडी स्कूल के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर के खिलाड़ियों ने 28वीं राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा हरियाणा स्टेट जूडो एसोसिएशन एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन, गुरुग्राम के सहयोग से आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन सनसिटी स्कूल, सेक्टर-37डी गुरुग्राम में हुआ, जहां प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्षशील भावना का शानदार परिचय देते हुए विभिन्न भार वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों की फुर्ती, तकनीक और जज्बे ने दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में वंशिका, यश, वंश, लक्ष्य, अंशिका एवं हर्षित ने अपने दमदार प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं रक्षित, गौरव, कपिल, विनेश, किंजल, दृष्टि, दीपांशु, नकुल एवं विनय ने रजत पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। कांस्य पदक विजेताओं में पर्नेश, रितिन, दक्ष, दिवांशु, अंकिता एवं वंशु ने खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा साबित की।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

## विकसित भारत का सपना तभी होगा पूरा, जब हर युवा अपनाएगा समावेशी सोच : कुलपति प्रो. पूनिया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना व लक्ष्य तभी साकार होगा, जब युवा और सर्वजन समाज में समानता, समावेशिता और संवेदनशीलता के लिए आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने केवल समाज में ही नहीं, बल्कि परिवार के भीतर भी समानता की बात की थी। आज जरूरत है कि संविधान की भावना को व्यवहार में उतारा जाए और समाज को समावेशी दृष्टिकोण से देखा जाए और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रयास किए जाएँ। वे मंगलवार को सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज और एससी/एसटी सेल, एमडीयू के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का विषय विकसित भारत 2047: समावेशी एवं सुलभ समाज के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के विजन को साकार करना रहा। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विद्यार्थियों से कहा कि वे पिछड़े और वंचित वर्गों को समान अवसर दिलाने तथा समावेशी समाज के निर्माण के लिए आगे बढ़कर काम करें। उन्होंने कहा कि समावेशी दृष्टिकोण और करुणा का भाव आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य वक्ता के रूप में जेएनयू, नई दिल्ली के डॉ. प्रवेश चौधरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ऐसे समाज का निर्माण चाहते थे जहां हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर मिले।

## बेटियों की गंभीर बीमारियों पर सुरक्षा का कवच बनेगा एचपीवी टीका, अभिभावक दें सहमति : उपायुक्त

रोहतक। डीसी सचिन गुप्ता ने जिला के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण करवाने की सहमति दें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान बेटियों को गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंगलवार को डीआरडीए सभागार में निजी स्कूल संचालकों और प्राचार्यों के साथ संवाद करते हुए उपायुक्त ने कहा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है तथा यह केवल अभिभावकों और किशोरियों की सहमति के बाद ही लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार टिटनेस का टीका विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, उसी प्रकार एचपीवी टीका सर्विकल कैंसर से बचाव में सहायक है। उपायुक्त ने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि वे अभिभावक-अध्यापक बैठकों के दौरान एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि निजी स्कूलों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उसमें टीकाकरण संबंधी जागरूकता सामग्री साझा की जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ पीटीएम में पहुंचकर अभिभावकों की शंकाओं का समाधान करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में ही यह टीका मुफ्त लगाया जा रहा है ताकि कोल्ड चेन और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जा सके।

# डीसी आवास पहुंचे धामड़ के ग्रामीण बोले-जल्द आवंटित किए जाएं प्लॉट

- महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत अलॉट होने हैं प्लॉट, पंचायत पर वादा पूरा न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। डीसी से मिलने आए गांव धामड़ के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव धामड़ के ग्रामीणों ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लॉट अलॉट करने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। ग्रामीण डीसी कार्यालय पहुंचे और उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपते हुए जरूरतमंद परिवारों को जल्द प्लॉट आवंटित करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री सैनी ने वर्ष 2024 में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को प्लॉट देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद गांव के गरीब परिवारों में उम्मीद जगी थी कि उन्हें रहने के लिए अपनी जमीन मिल सकेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि अब पंचायत ने प्लॉट देने से इंकार कर दिया है, जिससे पात्र परिवारों में निराशा का माहौल है।



## राष्ट्र स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट स्पर्धा जीतने पर डीसी ने दी टीम को बधाई

रोहतक। डीसी सचिन गुप्ता ने अंडर-17 लड़कियों की हरियाणा क्रिकेट टीम को राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट चैंपियनशिप जीतने पर बधाई दी। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में ट्रॉफी के साथ पहुंची खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंडर-17 लड़कियों की टीम द्वारा ट्रॉफी जीतना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह प्रतियोगिता 29 अप्रैल से 3 मई 2026 तक स्थानीय वैश्य कॉलेज स्थित अग्रसेन स्टेडियम में 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों के अंतर्गत आयोजित की गई थी। डीसी ने बताया कि चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 3 मई को सिंहपुरा में खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने राजस्थान को 69 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।



रोहतक। डीआरडीए सभागार में स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को संबोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## डिजिटल जनगणना प्रक्रिया के तहत जिले में मकान सूचीकरण कार्य जारी :उपायुक्त

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिले में डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण का कार्य जारी है। सभी प्रगणक इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा करें और सही व सटीक आंकड़े डिजिटल ऐप में दर्ज करें। मंगलवार को डीआरडीए सभागार में स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जनगणना देश के विकास और कल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला होती है। इसी डेटा के आधार पर भविष्य की योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने स्कूल मुखियाओं से अपील की कि वे जनगणना ड्यूटी पर लगे प्रगणकों को निर्देश दें कि वे स्कूल समय के बाद ही सर्वे कार्य करें ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

**प्रख्याति** एआई को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के लिए किया काम

# एमडीयू के शोधार्थी अनमोल का शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





- अनमोल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के पीएचडी शोधार्थी अनमोल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल स्प्रिंगर नेचर स्विट्ज़रलैंड एआई एंड एथिक्स में प्रकाशित हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोध और नवाचार वातावरण के लिए गर्व का विषय है। यह शोध कार्य यूआईईटी की प्राध्यापिका डॉ. छवि राणा के निर्देशन में पूरा किया गया। शोध में भविष्य की ऑटोनोमस एआई सिस्टम्स यानी स्वायत्त एआई प्रणालियों की भूमिका, चुनौतियों और नैतिक पहलुओं पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। शोध के अनुसार आने वाले समय में एआई आधारित सिस्टम स्वास्थ्य सेवाओं, बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली, साइबर सुरक्षा, शिक्षा तथा सरकारी व्यवस्थाओं में अहम भूमिका निभाएंगे। ऐसे में इन तकनीकों के लिए मजबूत नैतिक और नियामक ढांचा विकसित करना बेहद जरूरी होगा, ताकि एआई का उपयोग सुरक्षित, पारदर्शी और मानव हितों के अनुरूप किया जा सके। शोधार्थी अनमोल ने बताया कि उनका उद्देश्य ऐसी एआई तकनीकों के विकास को बढ़ावा देना है, जो मानव-केंद्रित, सुरक्षित और भरोसेमंद हों। उन्होंने कहा कि भविष्य की एआई प्रणालियां तभी प्रभावी साबित होंगी, जब वे सामाजिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप कार्य करेंगी।

## एमडीयू में डिजिटल लर्निंग व आईएलएमएस पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- केंद्र का लक्ष्य विवि के हितधारकों को ऑनलाइन प्रशिक्षित करना

महर्षि दयंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के डिजिटल लर्निंग सेंटर (डीएलसी) द्वारा डिजिटल लर्निंग के लिए शैक्षणिक सुधार, ई-कंटेंट विकास और आईएलएमएस विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटल शिक्षण-प्रशिक्षण पद्धतियों को मजबूत करना और शैक्षिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यशाला की शुरुआत डीएलसी के निदेशक प्रो. संदीप दलाल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने केंद्र के विजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2017 में स्थापित इस सेल को 2020 में डिजिटल लर्निंग सेंटर का नाम दिया गया। प्रो. दलाल ने कहा कि केंद्र का लक्ष्य विश्वविद्यालय के हितधारकों को ऑनलाइन और मिश्रित शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित करना और नवाचारों को बढ़ावा देना है। उप-निदेशक (पेडागोजी) प्रो. अजीत कुमार ने डिजिटल लर्निंग में शैक्षणिक सुधार पर व्याख्यान दिया और एनईपी-2020 के तहत तकनीक-सक्षम शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। उप-निदेशक (कंटेंट प्रोडक्शन) डॉ. नवीन कुमार ने प्रभावी ई-कंटेंट तैयार करने के लिए विभिन्न डिजिटल टूल्स और तकनीकों की जानकारी दी। उप-निदेशक (एलएमएस) प्रो. अनिल सिवाच ने आईएलएमएस प्लेटफॉर्म की विशेषताओं और उसके शैक्षणिक उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

# योग, डांस, थिएटर और म्यूजिक से छात्रों ने दिया तनाव मुक्ति का संदेश


- स्ट्रेस मैनेजमेंट डे पर छात्र क्लब्स की प्रस्तुतियों से झूम उठा एमडीयू का परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। स्ट्रेस मैनेजमेंट डे खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के छात्र कल्याण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्ट्रेस मैनेजमेंट डे का आयोजन उत्साह और ऊर्जा के साथ किया गया। कार्यक्रम में योग क्लब, डांस क्लब, थिएटर क्लब और म्यूजिक क्लब के विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे परिसर को जीवंत और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्लैंक पोजीशन प्रतियोगिता रही। छात्रा वर्ग में किरण (पॉलिटिकल साइंस विभाग), मनप्रीत और अनुष्का (गणित विभाग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। छात्रा प्रतिभागियों ने लगभग 6 मिनट 30 सेकंड तक प्लैंक होल्ड कर अपनी क्षमता का परिचय दिया। छात्र वर्ग में सचिन, दीपक और सुमित ने 11 मिनट 30 सेकंड तक प्लैंक होल्ड कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा ने विजेताओं को सम्मानित किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सोनू देहमीवाल ने इसे विद्यार्थियों द्वारा, विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया। डॉ. प्रताप राठी ने कहा कि छात्र कल्याण विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करता रहेगा।








**रोहतक।** हरिभूमि की ओर से पुरानी आईटीआई के शहीद मदनलाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में हुई इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते विभिन्न स्कूलों और कक्षाओं के विद्यार्थी। इस प्रतियोगिता में जिले के 44 स्कूलों के 512 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

### हरिभूमि की पोस्टर प्रतियोगिता में जिलेभर के 44 स्कूलों के 512 विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

# 'वार डिस्ट्रॉयज, पीस बिल्ट्स' थीम पर विद्यार्थियों ने दिया शांति का संदेश

### शहीद मदनलाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में कार्यक्रम, छठी से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने लिया हिस्सा, मोमेंटो व प्रमाण-पत्र से सम्मानित हुए विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरिभूमि की ओर से मंगलवार को इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 44 स्कूलों के 512 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता पुरानी आईटीआई के शहीद मदनलाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय 'वार डिस्ट्रॉयज पीस बिल्ट्स' था। बतौर मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजेश जैन ने शिरकत की। वहीं, बतौर विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी राजेन्द्र बंसल ने शिरकत की। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से छठीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के 2-2 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लिए तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के डिपार्टमेंट ऑफ विजुअल आर्ट्स के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार, दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग विजुअल आर्ट रोहतक के डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड आर्ट के विभाग अध्यक्ष डॉ. अजय यादव और दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग विजुअल आर्ट रोहतक के डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड आर्ट के सहायक प्रोफेसर डॉ. जगशीर ने निभाई। मॉडल स्कूल सेक्टर-4 रोहतक की अध्यापिका पारुल साहू ने स्टेज कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई।

## प्रतियोगिता का विषय प्रासंगिक और प्रेरणादायक : राजेश जैन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल विनाश, भय और मानवता की हानि का प्रतीक है। वहीं, शांति विकास, प्रेम, भाईचारे और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। इस प्रतियोगिकता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कला और विचारों द्वारा समाज को शांति का संदेश देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी अपनी कला एवं रचनात्मकता के माध्यम से शांति, सद्भाव और मानवता का सशक्त संदेश समाज को देंगे। उन्होंने कहा कि शांति एवं सद्भाव से ही एक बेहतर दुनिया का निर्माण संभव है। राजेश जैन ने बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों को सराहा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र बंसल ने कहा कि युद्ध केवल विनाश और पीड़ा लाता है, जबकि शांति समाज, राष्ट्र और मानवता के निर्माण का आधार होती है। उन्होंने समाज और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से हरिभूमि द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सराहना की।

## कार्यक्रम में ये रहे सहयोगी

कार्यक्रम के अंत में हरिभूमि के अधिकारियों ने राजेश जैन व राजेन्द्र बंसल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के टाइल स्पॉन्सर एल.पी.एस. बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड रोहतक और को-स्पॉन्सर जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल रोहतक, पठानिया पब्लिक स्कूल रोहतक, अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रोहतक और द आर्यन ग्लोबल स्कूल रोहतक रहा। इस अवसर पर पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा, अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश, द आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रतिनिधि योगेश और जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिनिधि ममता हुड्डा भी मौजूद रहीं।

## ▸▸▸▸▸ जानिए... पोस्टर प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षा वर्ग में इन विद्यार्थियों ने हासिल किया पहला, दूसरा और तीसरा स्थान ◂◂◂◂◂

| कक्षा | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| छठी | मानवी-नवयुग हाई स्कूल, रोहतक | नकुल हुड्डा - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक | अनिका सिंह - डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल, रोहतक |
| सातवीं | प्रांशु - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक | सानवी - डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल, रोहतक | अर्पित - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक |
| आठवीं | मानस - पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक | सानवी - जॉन वेस्ले कान्वेंट, रोहतक | वंशिका - स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल, रोहतक |
| नौवीं | यशिका - एसएम मैमोरियल सी. से. स्कूल, रोहतक | सृष्टि - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक | पार्थ - द आर्यन ग्लोबल स्कूल, रोहतक |
| दसवीं | सृष्टि - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक | लक्ष्य - गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सी.से. स्कूल, भिवानी रोड, रोहतक | मन्नत - एमडीएन पब्लिक स्कूल, रोहतक |
| ग्यारहवीं | रिहान - एमडीएन पब्लिक स्कूल, रोहतक | अर्शिता - श्री बाबा मस्तनाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक | तनवी - मॉडल स्कूल, रोहतक |
| बारहवीं | नविका - आईबी स्कूल, रोहतक | भूमिका - द आर्यन ग्लोबल स्कूल, रोहतक | आरना - सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक |



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छठी कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा और अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा और अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश।





**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा और अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा और अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा और अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश।




**रोहतक।** पुरानी आईटीआई के शहीद मदनलाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में हुई इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा। इसके अलावा अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश भी मौजूद रहे।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल, प्रो. संजय कुमार, पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा। अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश भी मौजूद रहे।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित करते विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल और हरिभूमि के विज्ञापन प्रबंधक आनंद कुमार। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, हरिभूमि के विज्ञापन प्रबंधक आनंद कुमार और सर्कुलेशन मैनेजर राजीव शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पठानिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर रजत बिंद्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ वेलनेस ऑफिसर डॉ. दानिश को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिनिधि ममता हुड्डा को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रतिनिधि योगेश को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल।



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एमडीयू के प्रोफेसर संजय कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुपवा के सहायक प्रोफेसर डॉ. जगशीर को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुपवा के डॉ. अजय यादव को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल सेक्टर-4 रोहतक की अध्यापिका पारुल साहू को मोमेंटो देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि निखार केमिकल्स ग्रुप के सीएमडी राजेन्द्र बंसल।

## सुनील हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सीसर खास निवासी सुनील की गोली मारकर हत्या करने के मामले में वारदात में शामिल एक आरोपी निखिल पुत्र प्रदीप निवासी कुराली जिला मेरठ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शामिल आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 14 जुलाई 2024 की रात करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सीसर-बडेसरा रोड स्थित शराब के ठेके के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान सुनील पुत्र सोमबीर निवासी सीसर खास के रूप में हुई।

## पीजीआईडीएस रोहतक में पॉश एक्ट और मेंटल हेल्थ पर व्याख्यान

# तनाव को पहचानिए, समय रहते संभालिए : योग, मेडिटेशन व पॉजिटिव सोच अपनाएं, थकान और चिड़चिड़ापन दूर भगाएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक**

अलग खबर

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस) में मंगलवार को दो अहम विषयों पर विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया गया। पहला व्याख्यान इंटरनल कंप्लेंट कमेटी के तहत पॉश एक्ट पर व दूसरा व्याख्यान एंटी-रैगिंग कमेटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर हुआ। चिकित्सकों ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और तेज-रफ्तार जीवनशैली में तनाव आम हो गया है। नियमित योग-प्राणायाम, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन से तनाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. जिज्ञासा दुहन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ की सीनियर प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह रहीं। डॉ. प्रीति सिंह ने 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न' विषय पर जानकारी दी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 क्या है, इंटरनल कंप्लेंट कमेटी का गठन कैसे होता है, इसकी शक्तियां क्या हैं और पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया क्या है।



**तेज-रफ्तार जीवनशैली से तनाव :** दूसरे सत्र में एंटी-रैगिंग कमेटी द्वारा मेंटल हेल्थ व स्ट्रेस मैनेजमेंट पर व्याख्यान डॉ. आदर्श एवं डॉ. विपुल ने दिया। इसमें डॉ. पुरुषोत्तम ने 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने योग, मेडिटेशन, डिसफंक्शनल थॉट्स की पहचान व प्रबंधन, हेल्दी डाइट और संतुलित लाइफस्टाइल की भूमिका को समझाया। डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक और तेज-रफ्तार जीवनशैली में तनाव आम हो गया है। नियमित योग-प्राणायाम, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन से तनाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

### महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण जरूरी

डॉ. सिंह ने कहा कि हर संस्थान में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमामय और भयमुक्त वातावरण बनाना प्रबंधन एवं सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। पॉश एक्ट केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि कार्यस्थल की संस्कृति को संवेदनशील बनाने का माध्यम है। उन्होंने विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया कि किस प्रकार की गतिविधियां यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आती हैं और ऐसी स्थिति में क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

### मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा करें

डॉ. भूपेंद्र सिंह ने 'मेंटल हेल्थ' पर बोलते हुए तनाव के शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, नींद की कमी, एकाग्रता में कमी और भूख न लगना मानसिक तनाव के संकेत हो सकते हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज करने से डिप्रेशन व अन्य शारीरिक बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए समय पर काउंसलिंग और विशेषज्ञ की सलाह लेना आवश्यक है। डेंटल कॉलेज की प्राचार्य प्रो. डॉ. मनु राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थी, फैकल्टी और स्टाफ सभी किसी न किसी स्तर पर तनाव का सामना कर रहे हैं। पॉश एक्ट की जानकारी हर कर्मचारी के लिए अनिवार्य है ताकि कार्यस्थल सुरक्षित रहे। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा होना भी जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. भावना ने सभी वक्ताओं, आयोजकों, फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट्स और छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राहुल के परिवार ने एएसपी को दिखाए सबूत, कहा-गोली आनंद से ही चली

### घटना से जुड़े वीडियो, कॉल डिटेल और अन्य सबूत पुलिस को सौंपे

# दोस्त की मौत ने बदली शादी वाले घर की तस्वीर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक**

*एक तरफ मृतक का परिवार इसे हत्या मानते हुए कार्रवाई की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस हिरासत में चल रहे राहुल के परिजनों ने एएसपी आयुष यादव से मुलाकात कर बेटे को निर्दोष बताया है।*

गांव डोभ में युवक आनंद उर्फ अन्ना की गोली लगने से हुई मौत का मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। एक तरफ मृतक का परिवार इसे हत्या मानते हुए कार्रवाई की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस हिरासत में चल रहे राहुल के परिजनों ने एएसपी आयुष यादव से मुलाकात कर बेटे को निर्दोष बताया है। परिजनों ने दावा किया कि घटना से जुड़े वीडियो, कॉल डिटेल और अन्य सबूत पुलिस को सौंप दिए गए हैं, जिनसे साफ होता है कि यह हादसा था, न कि हत्या। शादी की तैयारियों में जुटे परिवार के लिए यह घटना किसी बड़े सदमे से कम नहीं रही। जिस घर में कुछ दिन बाद शहनाई बजनी थी, वहां अब मातम और पुलिस जांच का माहौल बना हुआ है। राहुल के परिवार का कहना है कि उनका बेटा बेवजह फंसाया जा रहा है।



**रोहतक।** एसपी से मिलने आए गांव डोभ के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### शादी वाले घर में पसरा सन्नाटा

*परिवार ने बताया कि 14 और 15 मई को अंकित और राहुल की शादी होनी है। घर में रिश्तेदारों के आने और तैयारियों का माहौल था, लेकिन घटना के बाद सब कुछ बदल गया। अब पूरा परिवार थाने और पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। परिजनों का कहना है कि एक तरफ दोस्त की मौत का दुख है, दूसरी तरफ बेटे के जेल जाने की चिंता। घर में सजावट और संगीत की जगह अब चर्चा केवल पुलिस जांच और केस की हो रही है।*

### 11 साल पुरानी दोस्ती थी, दुश्मनी नहीं

राहुल के बड़े भाई अंकित ने बताया कि आनंद और राहुल बचपन से दोस्त थे। दोनों परिवारों के बीच भी अच्छे संबंध थे। 7 मई को आनंद अपनी बहन के घर शादी का कार्ड देने जाने वाला था। इसी सिलसिले में वह राहुल के घर आया था। उस समय राहुल घर पर अकेला था और नीचे बैठकर खाना खा रहा था। अंकित के मुताबिक, इसी दौरान आनंद के मोबाइल पर एक महिला की वीडियो कॉल आई। कॉल पर बात करते-करते वह घर के ऊपर वाले कमरे में चला गया। उसी कमरे में उसके मामा की लाइसेंसी पिस्तौल रखी हुई थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान आनंद ने पिस्तौल उठाई और वीडियो कॉल पर महिला को दिखाने लगा। परिजनों का कहना है कि हवाबाजी करते समय आनंद ने पिस्तौल अपनी छाती पर लगा ली। इसी दौरान अचानक ट्रिगर दब गया और गोली सीधे उसकी छाती में जा लगी।

### गोली की आवाज सुन ऊपर पहुंचा राहुल

*अंकित ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर राहुल घबरा गया और दौड़कर ऊपर पहुंचा। वहां आनंद खून से लथपथ पड़ा था। राहुल ने तुरंत अपने दोस्तों को फोन किया और सभी मिलकर आनंद को गाड़ी में डालकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का दावा है कि घटना के दौरान वीडियो कॉल लगातार चालू थी और दूसरी तरफ मौजूद महिला ने पूरी घटना के बाद पुलिस को अपने बयान भी दिए हैं। राहुल के परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस निष्पक्ष जांच करे तो सच्चाई सामने आ जाएगी।*

### हत्या नहीं, हादसा या सुसाइड

*राहुल के पिता राजसिंह ने कहा कि उनके बेटे का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। आनंद कमरे में अकेला था और राहुल नीचे खाना खा रहा था। गोली चलने के बाद भी राहुल ही उसे अस्पताल लेकर गया। उन्होंने कहा कि अगर किसी की हत्या करनी होती तो क्या आरोपी खुद घायल युवक को अस्पताल लेकर जाता। राजसिंह ने आरोप लगाया कि आनंद के परिजन भावनाओं में आकर राहुल पर झूठे आरोप लगा रहे हैं।*

### पुलिस हर पहलू की कर रही जांच

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस वीडियो कॉल, घटनास्थल से मिले सबूत, पिस्तौल और संबंधित लोगों के बयानों की जांच कर रही है।



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# तीन भाइयों का एक चूल्हा, एक रसोई और साथ रहने की मिसाल

### बोले-पिता के लठ खाए, तभी परिवार जोड़े रखना सीखा

आज के दौर में जहां छोटी-छोटी बातों पर परिवार बिखर जाते हैं, वहीं रोहतक के चांद जांगड़ा अपने संयुक्त परिवार के जरिए एक अलग मिसाल पेश कर रहे हैं। ठेकेदारी का काम करने वाले चांद जांगड़ा का कहना है कि उनके पिता ने उन्हें बचपन से ही परिवार को साथ लेकर चलना सिखाया और उसी सीख की बदौलत आज भी तीनों भाई एक छत के नीचे मिल-जुलकर रह रहे हैं। चांद जांगड़ा बताते हैं कि उनके परिवार में आज भी एक ही रसोई है। तीनों भाइयों का खाना एक साथ बनता है। उनका मानना है कि परिवार की असली ताकत साथ रहने में है, न कि अलग-अलग रहने में। परिवार में हर सदस्य एक-दूसरे की जिम्मेदारी समझता है और मुश्किल समय में साथ खड़ा रहता है। चांद जांगड़ा ने बताया कि उनके दो बेटे हैं और दोनों नौकरी कर रहे हैं। अच्छी नौकरी होने के बावजूद उन्होंने बच्चों को भी परिवार की एकता और संस्कारों का महत्व समझाया है। यही वजह है कि नई पीढ़ी भी परिवार की परंपरा को निभा रही है।





चांद जांगड़ा

### घर बड़ा नहीं होता, सोच बड़ी होनी चाहिए

चांद जांगड़ा ने मुस्कुराते हुए कहा कि बचपन में पिता ने अनुशासन सिखाने के लिए डांटा भी और कई बार लठ भी मारे, लेकिन आज समझ आता है कि वही सख्ती जिंदगी की सबसे बड़ी सीख थी। पिता हमेशा कहते थे कि 'घर बड़ा नहीं होता, सोच बड़ी होनी चाहिए'। इसी सीख को उन्होंने जिंदगी का आधार बना लिया। चांद जांगड़ा के अनुसार, संयुक्त परिवार में रहने से बच्चों को संस्कार मिलते हैं और बुजुर्गों का सम्मान अपने आप बना रहता है। परिवार के सभी फैसले मिलकर लिए जाते हैं और हर खुशी-दुख साथ बांटा जाता है।

### रिटायरमेंट के बाद बच्चों के बीच तलाश ली नई दुनिया

रिटायर्ड होने के बाद अब बच्चों के साथ समय बिताकर मन बहल जाता है। उनकी बातें, उनकी शरारतें और हंसी दिनभर की थकान दूर कर देती हैं। यह कहना है 68 वर्षीय बुजुर्ग ईश्वर सिंह सैनी का,



जिन्होंने नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद अपनी जिंदगी का नया मकसद बच्चों के बीच खोज लिया। करीब चार दशक तक सरकारी नौकरी करने वाले ईश्वर सिंह सैनी बताते हैं कि रिटायरमेंट के शुरुआती दिनों में उन्हें काफी खालीपन महसूस होता था। सुबह जल्दी उठने और दिनभर व्यस्त रहने की आदत अचानक छूट गई थी। समय काटना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में उन्होंने अपने मोहल्ले के बच्चों के साथ समय बिताना शुरू किया। अब हर शाम बच्चे उनके घर के बाहर इकट्ठा हो जाते हैं। कोई उनसे कहानियां सुनता है तो कोई पुराने जमाने के खेल सीखता है। बच्चों के साथ हंसते-खेलते खुद को फिर से जवान महसूस करते हैं।

### नहीं बदली आदत, आज भी ड्यूटी टाइम पर हो जाते हैं तैयार

नौकरी से भले ही रिटायर्ड हो लिया हूं, लेकिन आज भी सुबह ड्यूटी वाले समय पर तैयार होना नहीं छूटा। यह बात कहते हुए 72 वर्षीय पीके तेनजा के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ जाती है। वर्षों



तक अनुशासन भरी जिंदगी जीने वाले पीके तेनजा आज भी उसी दिनचर्या का पालन करते हैं, जैसे अब भी नौकरी पर जाना हो। करीब 38 साल तक सरकारी विभाग में सेवा देने वालेपीके तेनजा बताते हैं कि नौकरी के दौरान सुबह जल्दी उठना, समय पर तैयार होना और तय वक्त पर घर से निकलना उनकी आदत बन चुका था। रिटायरमेंट के बाद परिवार ने उन्हें आराम करने की सलाह दी, लेकिन शरीर और मन अब भी पुरानी लय में चलते हैं। आज भी वह रोज सुबह समय पर उठते हैं, नहा-धोकर प्रेस किए हुए कपड़े पहनते हैं और घर के आंगन में बैठकर अखबार पढ़ते हैं। मोहल्ले के लोग मजाक में पूछते हैं कि आज किस ऑफिस की ड्यूटी है, तो वह मुस्कराकर जवाब देते हैं, आदतें रिटायर नहीं होती। पीके तेनजा का मानना है कि अनुशासन इंसान को उम्रभर सक्रिय रखता है। यही वजह है कि रिटायरमेंट के बाद भी वह खुद को व्यस्त और ऊर्जावान महसूस करते हैं।

## ग्राम सचिवों को दूर-दराज भेजने के आदेश रद्द, कर्मचारियों ने ली राहत की सांस

**रोहतक।** पंचायत विभाग द्वारा ग्राम सचिवों और एसईपीओ को जिलों से बाहर अतिरिक्त कार्यभार सौंपने के आदेश आखिरकार रद्द कर दिए गए हैं। विभाग ने 2 मई को जारी वे आदेश मंगलवार 12 मई को वापस ले लिए, जिनके तहत 27 ग्राम सचिवों को दूसरे जिलों और दूरस्थ ब्लॉकों में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। इन आदेशों के खिलाफ ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन लगातार विरोध दर्ज करा रही थी। ग्राम सचिवों का कहना था कि उनकी नियुक्ति जिला स्तर पर होती है और नियमानुसार किसी कर्मचारी को जिले के भीतर ही अतिरिक्त कार्यभार दिया जा सकता है। आदेशों के अनुसार ग्राम सचिव जोगेंद्र सिंह राठी को व्यासपुर से कलानौर ब्लॉक, अमित को गुहला चीका से रोहतक खंड, संदीप को थानेसर से उचाना, अशोक कुमार को लाडवा से निजामपुर, संजय कुमार को पिहोवा से हिसार, संदीप को जुलाना से निजामपुर तथा ज्योति को मुस्तफाबाद से हिसार का अतिरिक्त चार्ज दिया गया था।

## नर्सिंग छात्रा से 35 हजार की ठगी

**सांपला।** यूपी के गोरखपुर में पढ़ने वाली नर्सिंग छात्रा अंजलि से अज्ञात व्यक्ति ने विश्व में लेकर 35 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने सांपला निवासी अंजलि की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि वह यूपी के गोरखपुर नर्सिंग कॉलेज में कोर्स कर रही है। उसकी अध्यापिका के फोन से 35 हजार रुपए की सहायता मांगी गई। उसने अध्यापिका के नंबर पर रुपए भेज दिए। बाद में भेजी गई राशि की जानकारी दी तो उसने बताया कि उनका फोन हैक किया हुआ है। उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

### बार एसोसिएशन में फिर गरमाया चैंबर घोटाले का मामला

# पूर्व प्रधान को 7.72 करोड़ जमा कराने का नोटिस, बोले-यह सिर्फ राजनीति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक**

बार एसोसिएशन में वर्ष 2017 में बनाए गए विवादित चैंबरों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मौजूदा बार प्रधान दीपक हुड्डा ने पूर्व प्रधान दीपक कुंडू को करोड़ों रुपये की रिकवरी का नोटिस भेजते हुए 19 मई तक 7 करोड़ 72 लाख 30 हजार रुपये बार एसोसिएशन में जमा कराने को कहा है। नोटिस जारी होते ही बार में राजनीतिक और कानूनी हलचल तेज हो गई है। यह मामला उन 272 चेंबरों से जुड़ा है, जिन्हें नियमों के विपरीत बनाए जाने के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। अब मौजूदा बार प्रधान ने सीधे पूर्व प्रधान पर आर्थिक अनियमितताओं और निर्माण प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं।

### 119 की जगह बना दिए 272 चेंबर

बार एसोसिएशन के मुताबिक वकीलों के लिए तीन मंजिला भवन में कुल 119 चैंबर बनाए जाने थे। योजना के अनुसार डीएलएफ कॉलोनी की तरफ 80 और प्रवेश द्वार की ओर 39 चैंबर प्रस्तावित थे, लेकिन आरोप है कि तय योजना को बदलते हुए पांच मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई और कुल 272 चैंबर बना दिए गए। बताया गया कि डीएलएफ कॉलोनी की ओर 192 और मुख्य प्रवेश द्वार की ओर 80 चैंबर बनाए गए।

### वकीलों से लिए गए 9.79 करोड़

प्रधान दीपक हुड्डा ने कहा कि इन चैंबरों के नाम पर वकीलों से करीब 9 करोड़ 79 लाख 30 हजार रुपये एकत्रित किए गए थे। आरोप है कि निर्माण कार्य के लिए बिना किसी निविदा प्रक्रिया, नियम और शर्तों के काजल कंस्ट्रक्शंस को ठेका दे दिया गया। हुड्डा का कहना है कि इस मामले में 18 जनवरी 2021 को काजल कंस्ट्रक्शंस और तत्कालीन सचिव सुमित बुधवार को भी नोटिस जारी किए गए थे।

## अवैध हथियार सहित युवक काबू देशी पिस्तौल और रौंद बरामद

**रोहतक।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। मनीष ने बताया कि 11 मई को सहायक उपनिरीक्षक नवीन के नेतृत्व में स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम रेलवे फ्लाईओवर के पास गांव ईस्माइल क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झज्जर-सोनीपत रोड स्थित सांपला बाईपास पुल के पास खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में युवक की पहचान सोमी पुत्र श्याम निवासी धामड़ के रूप में हुई। उसके पास से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सदर में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।





**रोहतक।** नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते एसपी गौरव राजपुरोहित, एसडीएम आशीष वशिष्ठ व सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र।

## नशे के खिलाफ सख्ती: मरीजों से सीधे मिले एसपी

**रोहतक।** शहर में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और तेज करते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित मंगलवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय स्थित नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल अधिकारियों के साथ बैठक की, बल्कि इलाज करा रहे युवाओं और मरीजों से भी सीधे बातचीत कर उनका हाल जाना। एसपी ने मरीजों से बातचीत के दौरान उन्हें नशे से दूर रहकर नई जिंदगी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्र पहुंचते ही एसपी गौरव राजपुरोहित ने सबसे पहले वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीएम आशीष वशिष्ठ, सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र, थाना पीजीआईएमएस प्रभारी रोशन लाल, एंटी नारकोटिक्स टीम प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज, उपनिरीक्षक अमर सिंह और एएसआई मोहन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals
Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar,
Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

### पीजीआईएमएस नर्सिंग कॉलेज में मनाया विश्व नर्सिंग दिवस

# नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़: प्रो. सुनीता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक**

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज, पीजीआईएमएस में मंगलवार को विश्व नर्सिंग दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल उपस्थित रहीं। मंच का संचालन आचार्य किरण कौर ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सिंग कॉलेज परिसर में स्थापित फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया गया।

प्राचार्य प्रो. सुनीता ने बताया कि सभी फैकल्टी सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि देकर उनका



जन्मदिवस मनाया। प्राचार्य प्रो. सुनीता ने कहा कि हर साल 12 मई को विश्व नर्सिंग दिवस मनाया जाता है।

यह दिन दुनिया भर में नर्सों की सेवा को समर्पित एक श्रद्धांजलि है। नर्सें किसी भी अस्पताल की मजबूत स्तंभ होती हैं। वे समाज में अनेक बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### चौ. रणबीर सिंह ओपीडी में रक्तदान शिविर लगाया

नर्सेस एसोसिएशन, पीजीआईएमएस द्वारा चौ. रणबीर सिंह ओपीडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एचके अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया।

**OFFICE OF THE DEPUTY REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES, ROHTAK**
Phone: 01262-254927, Email:drcsrtk@yahoo.com

**चुनाव कार्यक्रम**

दि महम किसान सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० रोहतक की प्रबंध कमेटी के दिनांक 21-06-2026 को होने वाले चुनाव हेतु चुनाव कार्यक्रम बारे।

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नामनिर्देशन पत्र दायर करना | 19.05.2026 | 10.00 A.M to 2.00 P.M | कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक लघु सचिवालय, फेज-4, प्रथम तल, स्टेट बैंक आफ इंडिया, मुख्य शाखा के सामने, |
| 2. | नामनिर्देशन पत्र की संवीक्षा | 20.05.2026 | 10.00 A.M to 2.00 P.M | -उक्त- |
| 3. | वैध रुप से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची प्रदर्शन | 20.05.2026 | 4.00 P.M | -उक्त- |
| 4. | नामनिर्देशन पत्र वापस लेना | 22.05.2026 | 10.00 A.M to 2.00 P.M | -उक्त- |
| 5. | चिन्ह आंबटन | 22.05.2026 | 3.00 P.M | -उक्त- |
| 6. | चुनाव लडने वाले अभ्यार्थियों की सूची का प्रदर्शन, और | 22.05.2026 | 4.00 P.M | -उक्त- |
| 7. | मतदान करवाना, यदि आवश्यक हो | 21.06.2026 | 8.00 A.M to 4.00 P.M | निम्न स्थानों पर |

| क्रं. सं. | जोन नं. व जोन का नाम | मतदान का स्थान |
|---|---|---|
| 1. | जोन नं. 1 महम (व्यक्तिगत) (महिला के लिए आरक्षित) | दि महम एम०-पैक्स लि० महम, तहसील-महम (रोहतक) |
| 2. | जोन नं. 2 क्लानोर (व्यक्तिगत) (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) | दि कलानौर एम०-पैक्स लि० कलानौर, तहसील-कलानौर (रोहतक) |
| 3. | जोन 03 रोहतक (व्यक्तिगत) | दि रोहतक एम०-पैक्स लि० रोहतक |
| 4. | जोन नं. 4 महम (पैक्स) | दि खेड़ी महम एम०-पैक्स लि० खेड़ी महम |
| 5. | जोन नं. 5 रोहतक (पैक्स) (महिला के लिए आरक्षित) | दि भाली आन्नदपुर एम०-पैक्स लि० भाली आन्नदपुर |
| 6. | जोन नं. 6 कलानोर (पैक्स) | दि काहनौर एम०-पैक्स लि० काहनौर |

नोट :- निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए, सभी मतदाताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे मतदान के लिए अपने साथ अपनी पहचान का प्रमाण (Identity Proof) अवश्य लाएं।

स्थान- रोहतक
दिनांक -

हस्ता/- निर्वाचन अधिकारी-कम-उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक।